अग्रवाल महाविद्यालय बल्लबगढ़ मे कम्प्यूटर विभाग द्वारा पाँच दिवसीय कार्यशाला 10 मई, 2016 से 14 मई, 2016 तक महाविद्यालय के संभाग प्रथम की यू.जी.सी. कम्प्यूटर लैब नं0 4 व संभाग तृतीय की लैब नं0 7 में आयोजित की जा रही है. इस कार्यशाला का उद्देश्य फैक्ल्टी डवलेपमेन्ट प्रोग्राम के अन्तर्गत संभाग प्रथम, द्वितीय व तृतीय के शिक्षक कर्मचारियों को आई.सी.टी. तकनीक के द्वारा शिक्षण में वृद्धि करना है. महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ0 कृष्णकान्त गुप्ता ने कहा कि बदलते हुए तकनीकी युग में यह बहुत आवश्यक हो गया है कि शिक्षकों को "स्मार्ट टिचिंग" के महत्व द्वारा विद्यार्थियों को शिक्षित किया जाए. कार्यशाला की अध्यक्षता कम्प्यूटर विभाग के अध्यक्ष डॉ0 सचिन गर्ग ने की और वर्तमान युग में शिक्षक कर्मियों के लिए आई.सी.टी. तकनीक के ज्ञान पर प्रकाश डाला. कार्यशाला के अन्तर्गत स्मार्ट टिचिंग के विभिन्न पहलुओं जैसे ट्रेनिंग ऑन डिजिटल डिवाइस–स्मार्ट बोर्ड, पॉवरपाईंट प्रेजन्टेशन, इन्टरनेट टिचिंग इत्यादि पर चर्चा हुई. कार्यशाला में एन.आई.आई.टी. लिमिटिड, फरीदाबाद से श्री सिद्धार्थ शुक्ला व श्री मनीष गुप्ता को आमंत्रित किया गया है. कार्यशाला का लाभ उठाने के लिए सभी शिक्षक कर्मचारी बढचढकर भाग ले रहे है. इस अवसर पर कम्प्यूटर विभाग के अन्य सदस्य प्रीति गोयल, अंकिता, पूजा गुप्ता, दिप्ति गोयल इत्यादि उपस्थित थे.